NS-HINA

Q.P. Sl. No.

# HINDI – A

## ( New Syllabus )

## 2025

Total Time : 3 Hours 15 minutes ] [ Total Marks : 80

✪ *संक्षिप्त तथा बिंदुवार (सटीक) उत्तर के लिए विशेष अंक दिया जायेगा। वर्तनी अशुद्धि, अव्यवस्थित तथा खराब लिखावट के मामले में अंक काटा जायेगा। उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।*

HINA

**निर्देश :**

- इस प्रश्न पुस्तिका में **12** पृष्ठ हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिये गये निर्देशानुसार ही दें। प्रश्नों के उत्तर केवल मुख्य उत्तर पुस्तिका में ही देना होगा, अन्यत्र कहीं नहीं।

**यह प्रश्न पुस्तिका रिवर्स जैकेट द्वारा सील की गयी है। परीक्षार्थी को प्रश्न पुस्तिका के खुलने की तरफ प्रदर्शित जैसे जैकेट को काटकर खोलना है।**

यहाँ से काटें

प्रश्न पुस्तिका को खोलने के लिए यहाँ काटें

यहाँ से काटें

उत्तर पुस्तिका में बहु विकल्पीय प्रश्न (MCQ) तथा लघु उत्तरीय प्रश्न (SAQ) के उत्तर प्रदत्त निर्दिष्ट मुद्रित TABLE पर लिखें।

(बहु विकल्पीय प्रश्न )

1. इस अंश के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं : $1 \times 22 = 22$

( गद्य )

(i) किस मुनि को कुटज भी कहा जाता है ?

(A) कालिदास (B) अगस्त्य

(C) दधीचि (D) नारद।

(ii) निःसन्देह मुझे पराजित होना पड़ा — 'मुझे' किसके लिए व्यवहृत है ?

(A) लेखक (B) यशराज

(C) वीर (D) ईश्वरी।

(iii) निज अवस्था में संतुष्ट रहना और उसी के अनुसार चलना बुद्धिमानों का काम है — यह किसकी धारणा है ?

(A) सुन्दर देई (B) वीर

(C) साहब (D) हजारी प्रसाद द्विवेदी।

(iv) मुझ पर वज्रपात हो गया था — कथन 'किसको' इंगित है ?

(A) मुक्तिबोध (B) यशराज

(C) ईश्वरी (D) आलोचक।

(v) हिन्दी की किस काव्यधारा ने आत्मपक्ष को प्रधान स्थान दिया और वस्तुपक्ष को गौण ?

(A) नई कविता (B) प्रगतिवाद

(C) छायावाद (D) प्रयोगवाद।

(vi) बाजार बांसा किस शहर का एक उजड़ा बाजार है ?

(A) अमृतसर (B) लाहौर

(C) फिरोजपुर (D) इनमें से कोई नहीं।

**( पद्य )**

(vii) सखा सोच त्यागहु बल मोरें — किसने किससे कहा ?

(A) हनुमान ने राम से (B) राम ने हनुमान से

(C) हनुमान ने सुग्रीव से (D) राम ने सुग्रीव से।

(viii) बूँद समानी समुंद में — यहाँ 'बूँद' किसका प्रतीक है ?

(A) परमात्मा (B) आत्मा

(C) शरीर (D) ईश्वर।

(ix) संध्या सुंदरी के अधर कैसे हैं ?

(A) मधुर (B) शांत

(C) कोमल (D) कठोर।

(x) जोर से डंक मारती है — 'कौन' ?

(A) समय (B) सेकण्ड

(C) घड़ियाँ (D) घंटा।

(xi) 'साये में धूप' किसकी रचना है ?

(A) महादेवी (B) निराला

(C) दिनकर (D) दुष्यंत कुमार।

(xii) कवि क्रांति की आग 'कहाँ' जलते हुए देखना चाहता है ?

(A) देश में (B) समाज में

(C) सीने में (D) मस्तिष्क में।

## ( हिन्दी साहित्य का इतिहास )

(xiii) हिन्दी का प्रथम समाचार पत्र कहाँ से प्रकाशित हुआ था ?

(A) बनारस (B) इलाहाबाद

(C) लखनऊ (D) कलकत्ता।

(xiv) निराला की कौन-सी कविता 'शोक-गीत' मानी जाती है ?

(A) तुलसीदास (B) जूही की कली

(C) सरोज स्मृति (D) भिक्षुक।

(xv) 'यात्री' नाम से किस साहित्यकार को जाना जाता है ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) केदारनाथ अग्रवाल

(C) नागार्जुन (D) त्रिलोचन।

(xvi) 'छायावाद' नाम का प्रवर्तन किसने किया ?

(A) मुकुटधर पांडेय (B) राहुल सांकृत्यायन

(C) जयशंकर प्रसाद (D) महादेवी वर्मा।

(xvii) निम्न में से कौन-सी रचना मैथिलीशरण गुप्त की नहीं है ?

(A) भारत-भारती (B) जयद्रथ वध

(C) रश्मिरथी (D) पंचवटी।

### ( पारिभाषिक शब्दावली )

प्रत्येक अंग्रेजी शब्द का सही विकल्प निर्देशित कीजिए :

(xviii) Guidance

(A) निदर्श (B) प्रदर्शन

(C) संदर्शन (D) इनमें से सभी।

(xix) Supervisor

(A) निरीक्षक (B) पर्यवेक्षक

(C) निर्देशक (D) सार्थक।

(xx) Resolution

(A) संकल्प (B) विकल्प

(C) संशोधन (D) पारपत्र।

(xxi) Draft

(A) राजपत्र (B) सत्यापन

(C) विवरण (D) मसौदा।

(xxii) Indent

(A) सेवा पंजी (B) पंजीकरण

(C) मांग पत्र (D) प्रशंसा-पत्र।

### ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

2. नीचे दिए गए गद्य-पद्य से **चार-चार** प्रश्नों के उत्तर अनधिक **पाँच-छः** शब्दों में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

### ( गद्य )

(i) कुटकारिका और कुटहारिका से क्या तात्पर्य है ?

(ii) हरिराम वर्मा की दुकान का क्या नाम था ?

(iii) डायरी लेखक के किस गुण का सबूत है ?

(iv) कहानीकार का नशा कब उतरा ?

(v) रक्खे ने वैष्णव देवी की यात्रा कितने साल पहले की थी ?

(vi) परवश होने का क्या अर्थ है ?

( पद्य )

(vii) अंधै अंधा ठेलिया, दून्यू कूप पडंत — यहाँ दोनों से क्या तात्पर्य है ?

(viii) मन पछितैहैं अवसर बीते — किस काव्य से लिया गया है ?

(ix) संध्या सुंदरी कहाँ से उतर रही है ?

(x) गाँधी जी क्या कहते थे ?

(xi) कवि गिरिजा कुमार माथुर की लड़ाई किससे है ?

(xii) यह सूरत बदलनी चाहिये — से क्या तात्पर्य है ?

---

## ( विषयनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न )

3. प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में लिखिए । किसी **एक** खण्ड के **दोनों** प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। $5 \times 2 = 10$

### खण्ड – क

(i) 'कलाकार की व्यक्तिगत ईमानदारी-एक' में निहित लेखक की काव्य संबंधित अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

(ii) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

'आत्मनस्तु कामाय सर्व प्रियं भवति'।

खण्ड – ख

(i) 'मलबे का मालिक' कहानी की मार्मिकता पर प्रकाश डालिए।

(ii) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

'अमीर होकर क्या आदमी अपनी इन्सानियत बिल्कुल खो देता है।'

4. प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में लिखिए । किसी **एक** खण्ड के **दोनों** प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है । $5 \times 2 = 10$

खण्ड – क

(i) कबीरदास जी की माया के प्रति क्या अवधारणा है ?

(ii) ससंदर्भ आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए :

'सेवक सठ नृप कृपन कुमारी। कपटी मित्र सूल सम चारी।।'

खण्ड – ख

(i) 'अवकाश वाली सभ्यता' के माध्यम से दिनकर क्या कहना चाहते हैं ?

(ii) ससंदर्भ आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए :

हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (प्रश्न का उत्तर अधिकतम **200** शब्दों में हो) : $5 \times 2 = 10$

(i) महावीर प्रसाद द्विवेदी के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालिए।

(ii) छायावादी काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(iii) प्रगतिवादी काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं को सोदाहरण लिखिए।

(iv) टिप्पणी लिखिए (किन्हीं **दो** पर) :

(a) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(b) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(c) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(d) मुक्तिबोध।

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए (प्रश्न का उत्तर अधिकतम **300** शब्दों में हो) : $10 \times 1 = 10$

(i) पहाड़ों पर निरंतर होते 'भू-स्खलन की विभीषिका' पर रिपोर्ताज लिखिए।

(ii) शिक्षण संस्थानों में बढ़ती अनुशासन-हीनता में सुधार के लिए शिक्षा मंत्री को पत्र लिखिए।

(iii) जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व को समझाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

7. (क) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए (कोई **दो**) : $1 \times 2 = 2$

(i) लोगों को दीक्कत नहीं हुआ ।

(ii) दूनिया रस चुस लेती है ।

(iii) प्राइमरी स्कूल जिन्दगी न रहेगी।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को यथानिर्देश बदलकर लिखिए ( कोई **दो** ) : $1 \times 2 = 2$

(i) धन्य हो कुटज, तुम गाढ़े के साथी हो। (संयुक्त वाक्य में)

(ii) अगर कोई व्यक्ति एक कप चाय दे दे तो नसें गरमा जायें। (सरल वाक्य में)

(iii) उसका व्यवहार सौहार्द्र और नम्रता से भरा था। (मिश्र वाक्य में)

(ग) यथानिर्देश उत्तर दीजिए : $1 \times 6 = 6$

(i) संधि-विच्छेद कीजिए ( कोई **दो** ) :

अन्तर्निरुद्ध, संवेदना, जोगिन। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) समास विग्रह कीजिए ( कोई **दो** ) :

शुभ्रकिरीट, नौकर-चाकर, प्रतिक्रिया। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) उपसर्ग तथा मूल शब्द पृथक कीजिए ( कोई **दो** ) :

नियोजित, बेडौल, सहकारिणी। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) प्रत्यय पृथक कर मूल शब्द लिखिए ( कोई **दो** ) :

शनिचरी, प्रतापी, जर्मनी। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से कोई **दो** कारक चुनिए : $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(a) मैं बिना आग्रह के राजी हो गया।

(b) एक गाढ़े की मिर्जई और चमरौधा जूता पहने बाजार में घूमा करते थे।

(c) घरों की खिड़कियों में से और किवाड़ों के पीछे से कई चेहरे गली में झाँक रहे थे।

(vi) किन्हीं **दो** मुहावरों के अर्थ लिखिए :

जाल-बिछाना, खून सूखना, सफेद झूठ बोलना। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$